दिनांक : 30.06.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री बजट सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं जब यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आज नई दिल्ली में "विकसित भारत की ओर यात्रा" नामक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय बजट के उपरांत आयोजित किया जा रहा है।

आइडियाज फॉर लाइफ

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विचारों और नवाचारों को आमंत्रित करने के लिए आईआईटी, दिल्ली में आइडियाज फॉर लाइफ की शुरूआत की। उन्होंने छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षकों और अन्वेषकों से ऐसे नये और लीक से हटकर विचारों को सामने लाने का आहवान किया, जो संसाधनों के विचारशील उपयोग के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे।

इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल

इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल पहल की मदद से केंद्र सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत की है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। श्री गोपी ने बताया कि नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 के दौरान, लगभग पांच सौ नौ करोड़ लीटर इथेनॉल को पेट्रोल में मिलाया गया है, जिससे 24 हजार तीन सौ करोड़ से अधिक विदेशी मुद्रा की बचत और किसानों को अधिक आय हुई है।

उड़ान योजना

उड़ान योजना के अंतर्गत वर्तमान में 13 हेलीपोर्ट और 2 जल हवाई अड्डे सहित 85 हवाई अड्डों को जोड़ने वाले कुल पांच सौ 79 मार्ग शुरू किए गए हैं। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देशभर में 21 नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की स्थापना के लिए मंजूरी दे दी है, इनमें से 12 ग्रीनफ़ील्ड हवाई अड्डे पिछले 10 वर्ष में शुरू किए गए हैं।

भोज प्रदर्शनी

पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल में अब से कुछ देर बाद ख्यातलब्ध इतिहासकार और पुराविद् पद्मश्री भगवती लाल पुरोहित द्वारा परमार शासक राजा भोज एवं उनकी रचनाओं एवं भृतहरि पर आधारित व्याख्यान होगा। इस अवसर पर डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान भोपाल एवं अश्विनी शोध संस्थान उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। इस प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विश्वविद्यालयों के शोधार्थी विद्यार्थियों एवं विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को प्राचीन अस्त्र-शस्त्र विद्या तथा परमार शासक राजा भोज के व्यक्तित्व तथा उनकी रचनाओं की जानकारी से अवगत कराना है।

ओलम्पिक भारत

ओलंपिक में भारत ने आज दूसरा पदक हासिल किया। आज 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड डबल स्पर्धा में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने यह कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलम्पिक में मनु भाकर का यह दूसरा कांस्य पदक है। ओलम्पिक खेलों में दो पदक हासिल करने वाली वे दूसरी महिला खिलाडी हैं। इससे पहले यह कारनामा बैडमिन्टन खिलाडी पी वी संधू ने किया था।

माँ तुझे प्रणाम योजना

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तात्या टोपे खेल स्टेडियम से माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत आगर-मालवा, अनूपपुर, बड़वानी और अलीराजपुर जिले के 73 युवाओं और 8 सपोर्ट स्टॉफल सहित कुल 81 सदस्यीय दल को जेसलमेर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के लिए रवाना किया। श्री सारंग ने युवाओं को संबोधित करते हुये माँ तुझे प्रणाम योजना के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया विभाग ने यह योजना युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिए प्रारंभ की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

1. शिवपुरी जिले में आत्मा योजना अंतर्गत जिले के पशुपालक, कृषि एवं उद्यानिकी से जुड़े 50 कृषकों का एक दल विभिन्न अनुसंधान केंद्रों पर भ्रमण के लिए रवाना किया गया है ।
2. रतलाम मंडल रेलवे चिकित्सालय में हेपेटाइटिस रोग के प्रति जागरूकता और जानकारी के लिए विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।
3. गुना कलेक्टर ने जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आवेदकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया
4. कटनी मे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
5. भोपाल में तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 11 अगस्त को युग तुलसी मानस चिंतन प्रश्नमंच का आयोजन किया जा रहा है।

....